दीपावली की खरीदारी करने वालों की लगी बढ़ी भीड़

कपड़े, उपहार , मिठाईयों और लायटिंग की जमकर की गई खरीदी

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 7 नवंबर, दीपावली पर्व उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा. इसके लिए नागरिकों द्वारा तैयारी अंतिम चरण में है. दीपावली की तैयारी करने के लिए लोग खरीदी करने के लिए बाजार पहुंचे. बाजार में ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी. आज शनिवार का दिन होने के भी बाजार में जमकर खीरीदी की गई. आम नागरिक से लेकर शासयकीय कर्मचारी भी बाजार में खरीदी करने के लिए पहुंचे.



दिवाली के सिर पर होने से अब बाजारों में भीड़ बढ़ गयी है. फव्वारा चौक, इतवारी बाजार, बुधवारी बाजार, कुम्हारी बाजार , गोलगंज , शनिचरा बाजार और गांधीगंज क्षेत्र के बाजारों में खासी चहल-पहल देखी गई. वही पुरानी सब्जीमंडी , पोस्ट ऑफिस के सामने वाली गली पूजा की सामाग्री की लोगों ने खरीदी की. वहीं गोलगंज, फव्वारा चौक, गर्ल्स कॉलेज के सामने, मेन रोड़ में रेडिमेड कपड़े, साड़ियां, ड्रेस मटेरियल, बच्चों के ड्रेस तथा घरों के सजावट हेतू लगने वाले साहित्यों की दूकानें फुटपाथ से लेकर बड़े शोरूम तक सुसज्जित हो गई हैं. घरेलु सजावट के सामान की दूकानों पर महिलाओं की विशेष भीड़ नजर आई.

मिठाइयां, ड्रायफ्रूट की दूकानें सजीं

दीपावली वास्तव में एकता व भाईचारा का पर्व है, जिसे मिल जुलकर सभी मनाते हैं. एक दूसरे से खुशियों का आदान-प्रदान हो तद्हेतु उपहार, वस्तुएं भी भेंट दी जाती हैं. पूर्व में नागरिक एक दूसरे को मिठाइयां आदि वितरित कर दीपावली के आनंद को द्विगुणित करते थे. समय के साथ-साथ परिवर्तन हुआ है. अब आकर्षक दिखने वाले ड्रायफ्रूट विशेष उपहार पैकिंग में बाजार में उपलब्ध होने से नागरिकों का रूझान उसकी ओर अधिक है. मिठाइयां अधिक समय तक टिक नहीं पातीं. यही मुख्य कारण है कि ड्रायफ्रूट को उपहार स्वरूरुप देने में ज्यादा पसंद किया जा रहा है. कार्पोरेट जगत हो अथवा बिल्डर या व्यापारी चहुंओर आकर्षक ड्रायफ्रूट गिफ्ट देने का चलन चल पड़ा है.

उपहार देने की ऊहापोह में नागरिक

दीपावली एक खास पर्व है. ऐसे में अपने शुभचिंतकों, मित्रों व रिश्तेदारों को क्या उपहार दे जो शुभ भी हो और अच्छा भी हो, दीपावली में उपहार प्रदान कर आपसी भाईचारा कायम रखने की अपनी परंपरा है. अधिकांश नागरिक मिष्ठान आदि देकर अपने सुमधुर संबंधों को दीपावली पर्व पर और प्रगाढ़ करते हैं. ऐसे में अपने को क्या उपहार दे, इस ऊहापोह में नागरिक हैं.

गोवर्धन पूजा के दूसरे दिन 10 नवंबर को रहेगा स्थानीय अवकाश

छिंदवाड़ा। कलेक्टर हरेंद्र नारायन द्वारा कैलेण्डर वर्ष 2026 के लिए घोषित स्थानीय अवकाश के तहत 10 नवंबर 2026 को गोवर्धन पूजा के दूसरे दिन के त्यौहार के लिये स्थानीय अवकाश रहेगा। यह अवकाश कोषालय एवं उप कोषालय पर लागू नहीं होगा।



संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, पीएम रिपोर्ट से होगा कारणों का खुलासा

बेहोशी की हालत में लाया गया था जिला अस्पताल, डॉक्टरों ने जांच के बाद किया मृत घोषित

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 7 नवंबर, जिला अस्पताल में एक युवक को बेहोशी की हालत में लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, फिलहाल इसका खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

जानकारी के अनुसार गोविंद पिता असनलाल परतेती 26, निवासी कराघाट, जिला पांढुर्णा को अज्ञात कारणों से बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल लाया जा रहा था। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया और अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। प्रारंभिक तौर पर युवक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस के मुताबिक, फिलहाल मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस परिजनों से भी पूछताछ कर घटना से जुड़े तथ्यों की जानकारी जुटा रही है।

पहाड़ों में हरे भरे पौधों के बीच से रिसते हुए बूंद-बूंद पानी को बोरी बंधान बनाकर सहेजा

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 7 नवंबर, जुन्नारदेव में आज जल संरक्षण का कार्य किया गया। पंख सामाजिक विकास संस्थान जुन्नारदेव द्वारा जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवं जनपद पंचायत जुन्नारदेव की सीईओ सुश्री रश्मि चौहान के नेतृत्व में यह पहल की गई।



विकासखंड समन्वयक संजय बामने की उपस्थिति में संस्था प्रमुख सुश्री आर्या गुप्ता, श्रद्धा विश्वकर्मा, मेंटर सुश्री योगिता मर्सकोले, सुश्री दीपा मेश्राम, श्रीमती निमांशी रामपुरे तथा छात्र केशव गुप्ता एवं शिवजी मर्सकोले ने जल संरक्षण का संकल्प लेकर श्रमदान किया। इस दौरान मुख्य मार्ग पर ग्राम पंचायत माली से लगभग एक किलोमीटर पहले पहाड़ों से रिसकर आने वाले पानी के प्राकृतिक स्रोत झिरिया का गहरीकरण एवं आसपास साफ-सफाई की गई। पानी के बहाव वाले स्थान पर मिट्टी एवं रेत से भरी सीमेंट की लगभग 25 खाली बोरियों की सहायता से बोरी बंधान का निर्माण किया गया। उल्लेखनीय है कि जुन्नारदेव के कई गांवों में अच्छी बारिश होने के बावजूद पानी को रोककर नहीं रखने से वर्षा का पानी बहकर निकल जाता है। इसके कारण कुछ महीनों बाद गांवों में पानी की कमी होने लगती है। इसी समस्या के समाधान के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड जुन्नारदेव के तत्वावधान में संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों एवं अन्य ग्रामीणों ने मिलकर यह पहल की। बोरी बंधान निर्माण के लिए सीमेंट की खाली बोरियों में मिट्टी एवं रेत भरकर उन्हें नालों में लगाया जाता है। विकासखंड समन्वयक संजय बामने ने बताया कि इससे बारिश का पानी रुकता है और धीरे-धीरे जमीन के अंदर पहुंचता है।

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, जांच में जुटी पुलिस

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 7 नवंबर, उमरेड थाना क्षेत्र के नीमकुही खापा निवासी 31 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला को बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रमिला पति नरेश सिलू (31), निवासी नीमकुही खापा, उमरेड थाना क्षेत्र को अज्ञात कारणों के चलते अचानक बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल लाया गया था। यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर आवश्यक पंचनामा कार्रवाई की। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया और अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर महिला की मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के स्थापना दिवस पर स्टीकर लगाकर दी शुभकामनाएं

छिंदवाड़ा. भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के 77वें स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला संघ के पदाधिकारियों द्वारा सभी पदाधिकारियों, स्काउट-गाइड मिशन से जुड़े लोगों एवं जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारियों को स्थापना दिवस के स्टीकर लगाकर शुभकामनाएं दी गई। स्काउटिंग एवं गाइडिंग का यह गौरवशाली आंदोलन पिछले सात दशकों से अधिक समय से युवाओं में अनुशासन, चरित्र निर्माण, नेतृत्व क्षमता एवं निस्वार्थ समाज सेवा की भावना विकसित करने का कार्य कर रहा है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला कमिश्नर स्काउट जे.के. ईड़पाचे, जिला मुख्य आयुक्त स्काउट तुकाराम दुर्गे, भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ अध्यक्ष विनोद तिवारी, उपाध्यक्ष अखिलेश चौहान सहित समस्त अधिकारी-कर्मचारियों एवं स्काउट-गाइड मिशन से जुड़े पदाधिकारियों को स्थापना दिवस के स्टीकर लगाकर शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में डीओसी स्काउट नरेंद्र कुमार शर्मा, ब्लॉक सचिव नकुल खापरे, ब्लॉक सचिव मोहखेड़ अजय कुमार धुर्वे, ब्लॉक सचिव सौंसर बाबा खान, संयुक्त सचिव ममता पटले, गाइड श्रीमती रिजवाना परवीन, ट्रेनिंग काउंसलर परासिया स्काउट्स, पांढुर्णा के विजय पाल सिंह तथा नुम्हारिया ट्रेनिंग काउंसलर तामिया उपस्थित थे। सभी ने स्काउट एवं गाइड जिला प्रशिक्षण केंद्र, डाइट परिसर छिंदवाड़ा में उपस्थित होकर स्टीकर लगाए।

